Sr. No. 1

16.12.24

Tender Heart High School, Sector-33 B Chandigarh

कक्षा - तीसरी

विषय - हिन्दी व्याकरण

उपविषय - विलोम शब्द

शिक्षिका - कल्पना शर्मा

सुप्रभात बच्चो !

यह कार्य कक्षा-तीसरी, विषय - हिन्दी व्याकरण. उपविषय - 'विलोम शब्द' से लिया गया है।

बच्चो ! आज हम विलोम शब्दों के बारे में पढ़ेंगे। आपने पहले भी इस विषय के बारे में पढ़ा था। विलोम शब्द यानि कि 'उलटे अर्थ वाले शब्द'। जैसा कि आप जानते हैं कि विलोम शब्दों को अंग्रेज़ी में (opposite words) कहते हैं। आइए, कुछ उदाहरणों द्वारा समझने का प्रयास करते हैं।

गरम - ठंडा

हँसना - रोना

बड़ा - छोटा

आगे - पीछे

रात - दिन

काला - सफ़ेद

Sr. No. 2

कक्षा - तीसरी विषय - हिन्दी व्याकरण

उपविषय - विलोम शब्द

शिक्षिका कल्पना शर्मा

ऊपर दिए गए शब्दों में गरम - ठंडा, हँसना - रोना, बड़ा - छोटा, आगे - पीछे, रात - दिन, काला - सफ़ेद शब्द एक - दूसरे के उलटे अर्थ बता रहे हैं अर्थात् -

एक - दूसरे का उलटा अर्थ बताने वाले शब्द विलोम शब्द कहलाते हैं।

बच्चो! अब पाँच मिनट की ब्रेक लेते हैं। ब्रेक लेने से पहले मैं आपसे कुछ प्रश्न पूछने जा रही हूँ जिनके उत्तर आप अपनी हिन्दी व्याकरण की नोटबुक में लिखेंगे।

प्र०1. एक - दूसरे का उलटा अर्थ बताने वाले शब्द क्या कहलाते हैं?

प्र०2. विलोम शब्दों को अंग्रेज़ी में क्या कहते हैं?

(ब्रेक का समय समाप्त)

बच्चो! अब अपने विषय की चर्चा को आगे बढ़ाने से पहले मैं आपको ऊपर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर बता देती हूँ।

उत्तर 1. एक - दूसरे का उलटा अर्थ बताने वाले शब्द विलोम शब्द कहलाते हैं।

उत्तर 2. विलोम शब्दों को अंग्रेज़ी में (opposite words) कहते हैं।

Sr. No. 3

कक्षा - तीसरी

विषय - हिन्दी व्याकरण

उपविषय - "विलोम शब्द"

शिक्षिका - कल्पना शर्मा

| शब्द | विलोम |
| --- | --- |
| 1. हिंसा | अहिंसा |
| 2. आदर | अनादर |
| 3. धर्म | अधर्म |
| 4 सजीव | निर्जीव |
| 5. विश्वास | अविश्वास |
| 6. स्वदेश | विदेश |
| 7. शुभ | अशुभ |
| 8. अमृत | विष |
| 9. न्याय | अन्याय |
| 10. प्रकाश | अंधकार |
| 11. राजा | रंक |
| 12. सत्य | असत्य |

Sr. No. 4

कक्षा - तीसरी

विषय - हिन्दी व्याकरण

उपविषय - 'विलोम शब्द'

शिक्षिका - कल्पना शर्मा

| शब्द | विलोम |
|---|---|
| 13. आदि | अंत |
| 14. रूठना | मनाना |
| 15. सुपुत्र | कुपुत्र |
| 16. मीठा | कड़वा |

गृहकार्य → * सभी विद्यार्थी ऊपर लिखे विलोम शब्दों को अपनी हिन्दी व्याकरण की नोटबुक में लिखेंगे व याद करेंगे।

(Last Page)